संजीवनी टुडे
SAMAY KE SATH BADHTA AKHABAR

स्वस्थ भारत यात्रा मंगलवार को पहुंचेगी पांढुर्ना

Dated: - 10th December 2018 (Monday) **E-paper**

छिन्दवाड़ा। लोगों को अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से देशभर में निकाली जा रही स्वस्थ भारत यात्रा आगामी ग्यारह दिसम्बर को छिंदवाड़ा जिले में प्रवेश करेगी। यह यात्रा इस दिन पांढुर्ना विकासखंड पहुंचेगी, जहां रात में सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा।

वहीं, अगले दिन 12 दिसम्बर को शहर में विशाल साइकिल रैली निकालकर लोगों को अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया जाएगा। रैली के बाद यात्रा यहां से प्रस्थान कर जाएगी। यह जानकारी रविवार को मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉजेएस गोगिया ने मीडिया को दी। .

उन्होंने बताया कि विश्व खाद्य दिवस के अवसर पर गत 16 अक्टूबर से पूरे देश में छह अलग-अलग स्थानों से स्वस्थ भारत यात्रा का शुभारंभ किया गया था। यह स्वस्थ भारत यात्रा महात्मा गांधी की 150वीं जन्म जयंती के सुअवसर पर दीर्घकालिक सामाजिक परिवर्तन लाने के लिये स्वस्थ परिकल्पना से प्रेरित है' जिसमें कुपोषण' मोटापा' मधुमेह एवं हृदय रोग के संकट में कमी लाने के लिये खाद्य अधिकार पर ध्यान देना है।

यह यात्रा लोगों को उनके स्वास्थ्य में सुधार एवं खुशहाल बनाने के लिये तथा खाद्य अधिकार को सक्रिय व सक्षम बनाने के लिये देश भर में गांवों' नगरों एवं शहरों से गुजरते हुए निरंतर आगे बढ़ रही है। इस यात्रा का 11 एवं 12 दिसम्बर को छिंदवाड़ा जिले के पांढुर्णा विकासखंड में आगमन होगा।